हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक

# भव्य प्रभात

खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 17, अंक 116 | 24 अप्रैल 2024 बुधवार | हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

# 'एकजुटता ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी'

### कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है: प्रधानमंत्री मोदी




### मुस्लिमों को आरक्षण देगी कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2011 में कांग्रेस ने एससी–एसटी को मिला अधिकार छीनकर मुस्लिमों को देने का प्रयास किया। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, बाबा साहब अंबेडकर की परवाह नहीं की। जब कर्नाटक में बीजेपी की सरकार बनी तो पहला काम किया कि धार्मिक आधार पर आरक्षण खत्म कर दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करते और वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए उनकी खास जमात को आरक्षण देना चाहते थे। संविधान इसके खिलाफ है। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस यह एलान करेगी कि इस संविधान में दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को कम करके मुसलमानों को नहीं बांटेगी।

टोंक,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हुए मुझे कुछ दिन पहले की एक तस्वीर भी याद आ रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक छोटे दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे–बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के टोंक में चुनावी सभा में बोलते हुए कहा कि मुझे आप सभी का प्यार, आशीर्वाद और उत्साह मिला है। आज हनुमान जयंती का शुभ अवसर है और मैं सभी को इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि राजस्थान ये बखूबी जानता है कि सुरक्षित राष्ट्र और स्थायी सरकार कितनी जरूरी है। इसलिए चाहे 2014 हो या 2019 हो, राजस्थान ने एकजुट होकर देश में भाजपा की ताकतवर सरकार बनाने के लिए अपना आशीर्वाद दिया था। आपने 25 की 25 सीटें भाजपा को दी थीं। उन्होंने कहा कि एकजुटता ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। याद रखिएगा, जब–जब हम बंटे हैं, तब–तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है। अब भी राजस्थान को बांटने की पूरी कोशिशें हो रही हैं। इससे राजस्थान को सावधान रहने की जरूरत है। मोदी ने कहा कि 2014 में आपने मोदी को दिल्ली में सेवा का अवसर दिया। फिर देश ने वो फैसले लिए जिनकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। लेकिन आप सोचिए कि 2014 के बाद भी और आज भी अगर दिल्ली में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या क्या हुआ होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस होती, तो जम्मू कश्मीर में आज भी हमारी सेनाओं पर पत्थर चल रहे होते। कांग्रेस होती, तो सीमा पार से आकर दुश्मन आज भी हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते। कांग्रेस होती, तो न ही हमारे फौजियों के लिए वन रैंक–वन पेंशन लागू होती और न ही हमारे पूर्व सैनिकों को 1 लाख करोड़ रुपये मिलते। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मेरे भाई–बहन तो कुछ महीने पहले ही कांग्रेस के पंजे से मुक्त हुए हैं। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए, जो जख्म दिए, वो राजस्थान के लोग कभी भी भूल नहीं सकते। कांग्रेस ने महिलाओं पर अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर 1 बना दिया था और दुर्भाग्य देखिए कि कांग्रेस के लोग विधानसभा में बेशर्मी के साथ कहते थे कि ये तो राजस्थान की पहचान है। मोदी ने कहा कि टोंक में किन असामाजिक तत्वों के कारण यहां की इंडस्ट्री बंद हो गई, ये भी आप जानते हैं। लेकिन, आपने हमारे भजनलाल जी को सेवा करने का मौका दिया है। जबसे भजनलाल जी और उनकी टीम काम पर लगी है, माफिया और अपराधी राजस्थान छोड़कर भागने पर मजबूर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हुए मुझे कुछ दिन पहले की एक तस्वीर भी याद आ रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक छोटे दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे–बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। आप कल्पना कर सकते हैं... कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो राम–राम सा कहने वाले राजस्थान में रामनवमी पर प्रतिबंध लगा दिया था। कांग्रेस ने शोभायात्रा पर पत्थरबाजी करने वालों को सरकारी संरक्षण दिया था। इसी कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण के लिए मालपुरा, करौली, टोंक और जोधपुर को दंगों की आग में झोंक दिया था। मोदी ने कहा कि अब भाजपा सरकार आने के बाद किसी की हिम्मत नहीं है कि आपकी आस्था पर सवाल उठा दे।

## कांग्रेस ने मोदी सरकार पर बदले की राजनीति का लगाया आरोप

बेंगलुरु,(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेंगलुरु के निर्धारित दौरे से पहले कांग्रेस के प्रमुख नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला और उन पर महत्वपूर्ण सूखा राहत कोष को रोककर कर्नाटक के खिलाफ बदले की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया। श्री सुरजेवाला ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधे श्री शाह पर निशाना साधा और सूखा राहत के लिए निर्धारित 18,172 करोड़ रुपये जारी किए बिना कर्नाटक में कदम रखने के केंद्रीय गृह मंत्री के अधिकार पर सवाल उठाया। श्री सुरजेवाला ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा "कर्नाटक के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। कर्नाटक के खिलाफ मोदी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति खत्म होनी चाहिए। श्री शाह को हमारा पैसा जारी किए बिना कर्नाटक आने का कोई अधिकार नहीं है।" कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और श्री सुरजेवाला समेत कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को विधान सौध में विरोध प्रदर्शन किया। श्री सिद्दारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उंगली उठाई और उन पर सूखा राहत के लिए आवश्यक धन जारी नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,"किसान सूखे के कारण पीड़ित हैं। हमने अपने किसानों को 650 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। श्रीमती निर्मला सीतारमण और श्री नरेंद्र मोदी ही कारण हैं कि कर्नाटक को राहत नहीं दी गई है।" कांग्रेस विधायक रिजवान अरशद ने राज्य में सूखे की स्थिति की गंभीरता पर प्रकाश डाला और कहा कि राज्य का 95 प्रतिशत हिस्सा पिछले 10 महीनों से गंभीर सूखे का सामना कर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मुआवजा हासिल करने के लिए उच्चतम न्यायालय जाने की जरूरत पर सवाल उठाया। श्री अरशद ने टिप्पणी की,"हमें शीर्ष अदालत में जाना पड़ा क्योंकि श्री मोदी ने हमें मुआवजा नहीं दिया। हमारे साथ भेदभाव क्यों किया जाता है? वे दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ भेदभाव नहीं कर सकते।" गौरतलब है कि श्री अमित शाह मंगलवार को बेंगलुरु दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करने वाले हैं।



## जलवायु परिवर्तन से भारत समेत एशियाई देशों में बढ़ा आपदाओं का खतरा

### बीते साल ही गई दो हजार लोगों की जान




नई दिल्ली,(एजेंसी)। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीते साल एशिया में जलीय–मौसम संबंधी 79 आपदाएं आईं। इनमें 80 फीसदी आपदाएं बाढ़ और तूफान से जुड़ीं थी। इनके चलते बीते साल एशिया में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान गई और 90 लाख लोग प्रभावित हुई। जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है, लेकिन विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Meteorological Organization) का कहना है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर एशियाई देशों पर पड़ रहा है। इसी वजह से साल 2023 में एशिया दुनिया में सबसे ज्यादा आपदाओं से प्रभावित इलाका रहा। बाढ़ और चक्रवाती तूफान के चलते एशिया में बीते साल बड़े पैमाने पर लोगों की जान गई और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। एशिया में आपदा की घटनाएं बढ़ीं विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने एशिया की जलवायु–2023 नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तर पश्चिमी प्रशांत महासागर के पानी का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ रहा है, यहां तक कि आर्कटिक क्षेत्र में भी समुद्री गर्म हवाएं चल रही हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव केलेस्टे साउलो ने बताया कि एशिया के कई देशों में साल 2023 रिकॉर्ड स्तर पर गर्म रहा। इसके साथ बाढ़, सूखा, तूफान और गर्म हवाओं का असर देखने को मिला। जलवायु परिवर्तन से एशिया में आपदा आने की रफ्तार कई गुना बढ़ गई है। जिसका असर हमारे समाज पर आर्थिक नुकसान, मानव जीवन के नुकसान और पर्यावरण पर पड़ रहा है। बीते साल एशिया में 79 आपदाएं आईं रिपोर्ट में बताया गया है कि बीते साल एशिया में जलीय–मौसम संबंधी 79 आपदाएं आईं। इनमें 80 फीसदी आपदाएं बाढ़ और तूफान से जुड़ीं थी। इनके चलते बीते साल एशिया में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान गई और 90 लाख लोग प्रभावित हुई। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 1991–2020 के औसत तापमान की तुलना में 0.91 डिग्री ज्यादा गर्म रहा। वहीं 1961–1990 के औसत तापमान की तुलना में 1.87 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रहा। जापान और कजाखस्तान में रिकॉर्ड गर्मी पड़ी। बारिश भी सामान्य से कम हुई भारत में अप्रैल से जून के बीच भयंकर लू चली, जिसके चलते 110 लोगों की मौत हुई।

# चुनावों में प्रत्याशी कर सकते है ९५ लाख तक खर्च

## सामान्य प्रेक्षक , मा0 व्यय प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न दलों के प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

(भव्य प्रभात)

हाथरस । लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को सकुशल एवं निष्पक्षपूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन अयोग द्वारा नामित मा0 सामान्य प्रेक्षक महोदया श्रीमती पी0 श्री0 वेंकटा प्रिया, मा0 व्यय प्रेक्षक महोदय श्री प्रवीन रेड्डी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती अर्चना वर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न दलों के प्रत्याशियोंध् प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान मा0 सामान्य प्रेक्षक महोदया श्रीमती पी0 श्री0 वेंकटा प्रिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन कार्य को निष्पक्षपूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न प्रकार की टीमों का गठन करते हुए उनके प्रभारी नामित कर दिये गये हैं। जिनके द्वारा 24–7 कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, सिंगल विंडो सिस्टम तथा एम0सी0एम0सी0 कक्ष संचालित है। जिनके द्वारा निर्वाचन कार्यों पर 24–7 निगरानी रखने के साथ ही चुनाव प्रचार में प्रयोग होने वाली प्रचार सामग्री के प्रकाशनध्वाहनों के संचालनध्रैलीध्जनसभा के आयोजन हेतु अनुमति प्रदान की जा रही है। निर्वाचन संबंधी किसी भी समस्या के समाधानध्शिकायत हेतु हेल्पलाईन 1950 अथवा दूरभाष नं0 05722–297083 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मा0 व्यय प्रेक्षक महोदय श्री प्रवीन रेड्डी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा व्यय की जाने वाली धनराशि पर निगरानी रखने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षक नामित किये जाते हैं। जनपद में व्यय प्रेक्षक के साथ में एफ0एस0टी0 और एस0एस0टी0 टीमें कार्य करती है, जिनके द्वारा प्रत्याशियों की गतिविधियों यथा रैली, जनसभा, रोड–शो एवं डोर–टू–डोर भ्रमण इत्यादि की निगरानी की जाती है। उन्होंने कहा कि आपके जनसभाध् रैली में जो भी प्रचार सामग्री, खाद्य सामग्री, फर्नीचर, वाहनों इत्यादि का प्रयोग किया जाता है, उसकी वीडियोग्राफी कराते हुए व्यय विवरण तैयार प्रत्याशी के खाते में दर्ज किया जाता है। साथ ही समय–समय पर प्रत्याशियोंध्प्रतिनिधियों को बुलाकर प्रत्याशियों द्वारा दर्ज किये गये व्यय एवं लेखागार कक्ष में तैयार किये गये व्यय विवरण से मिलान किया जाता है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी निर्वाचन




कार्य हेतु भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार 95 लाख रूपये व्यय कर सकता है। प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन कार्य में प्रयोग की जाने वाली धनराशि हेतु एक नया बैंक खाता खोलना होगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं से भी सहायता राशि प्राप्त होती है या ली जाती है तो उसके वाउचर सुरक्षित रखने के साथ ही व्यय पंजिका में दर्ज करना होगा। आवश्यकता पड़ने पर आयध्व्यय संबंधित वाउचर उपलब्ध कराना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने बैठक में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न दलों के प्रत्याशियोंध्प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए कहा कि कल दिनांक 24.04.2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उपयोग की जाने वाली ई0वी0एम0 मशीनों का द्वितीय रैंडमाईजेशन कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 कक्ष में 12:00 बजे किया जायेगा। जिसमें यह तय किया जायेगा कि कौनसी ई0वी0एम0 मशीन किस बूथ पर मतदान हेतु उपयोग में लाई जायेगी। अतः आप लोग रैंडमाईजेशन के दौरान एन0आई0सी0 में अवश्य उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रयोग की जाने वाली प्रचार सामग्री तथा उपयोग में लाये जाने वाहनों की अनुमति अवश्य प्राप्त कर लें और आपके द्वारा जो अनुमति पत्र प्राप्त किया गया है उसकी एक प्रति अपने पास अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चाहे तो निर्वाचन कार्य हेतु अपना नामिनी नामित कर सकता है।

उप जिलाधिकारी सदरध् सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने प्रत्याशियों से आई0डी0 कार्ड प्राप्त करने तथा व्यय अभिकर्ता तैनात कर सूची उपलब्ध कराने तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईडलाईन के अनुसार प्रत्येक प्रत्याशी को अपने आपराधिक इतिहास का विवरण समाचार पत्रों में निर्धारित अवधि में प्रकाशित कराना अनिवार्य है।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उप जिलाधिकारीध्समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी तथा विभिन्न दलों के प्रत्याशीध्प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## मां की पुण्य तिथि पर जरूरतमंदो को कराया भोजन

(भव्य प्रभात)

मथुरा। नर सेवा ही नारायण सेवा है के भाव को चरितार्थ करते हुये अपनी पूज्य माता जी की पुण्यतिथि पर मां की पुण्य तिथि पर जरूरतमंदो को भोजन कराकर सेवा कार्य किया।



बता दें हमेशा अपनी सेवाओं सुर्खियों मे रहने वाली टीम श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति (रोटी बैंक)के जिला अध्यक्ष हरेंद्र सोनी की माताजी की पुण्यतिथि थी उनकी याद में पुण्य आत्मा की तृप्ति के लिए नर सेवा नारायण सेवा की सोच को सार्थक करते हुए आज की प्रसादी का आयोजन मथुरा के मालगोदम रेलवे स्टेशन किया गया है जिसमे लोगो को मिठाई माल पुआ व सब्जी वितरित की गई।

वही टीम के इलाहाबाद से चलकर आए सगठन मंत्री यतेन्द्र प्रताप सिंग ने लोगो से अपील की है कि आप भी अपने घरों में जो भी उत्सव होते हैं तब इन जरूरतमंदो के लिए छोटा सा अंशदान जरुर करे। श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति परिवार परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है कि माताजी की पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणो में स्थान दे। सेवा में साथ रहे शिवकुमार सोनी आशुतोष सिंह दीपू भईया लाला आदि।

## मारपीट के मामलें में पुलिस ने आरोपी को दबोचा

हाथरस। चंदपा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के गांव नगला खिरनी के पास राशन के खाद्यान्य की कालाबा. जारी का विरोध करने पर मैक्स गाडी चालक द्वारा अपने भाईयों के साथ मिलकर हमला बोल घायल करने के मामलें में पुलिस ने एक आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। स्मरण हो कि सोमवार को चंदपा क्षेत्र के गांव परसारा निवासी जितेन्द्र गोरवामी पुत्र राजेन्द्र गोरवामी द्वारा सूचना दी थी कि 22 अप्रैल को समय सुबह करीब 11.30 बजे आरोपी अरमान मैक्स गाडी से जा रहा था, तभी रास्ते में राशन वितरण करने वाले खाद्यान्य की कालाबाजारी का विरोध करने पर अरमान ने जससे गाली गलौच की। विरोध करने पर अरमान ने अपने भाई सलमान व फरमान को बुला लिया और तीनों आरोपियों द्वारा उनके उपर हमला बोलकर जमकर मारपीट कर घायल कर दिया इस मामलें का वीडियों भी बायरल हुआ था। कालाबाजारी के लिये ले जाये जा रहे खाद्यान्य के बारें में किसी ने कोई जानकारी नही दी है। यहा यह उल्लेखनीय है कि हमलावरों द्वारा मारपीट के बाद वह मैक्स गाडी को मौके से नगाकर ले गये थे। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा घटना से सम्बन्धित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिये चंदपा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मिश्रा को निर्देशित किया था। उपनिरीक्षक महाराज सिंह ने कार्यवाही करते हुए सलमान पुत्र लियाकत अली निवासी ग्राम नगला खिरनी को गिरफ्तार कर लिया है।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक,लेटर पैड,पम्पलेट
पोस्टर,शादी कार्ड,अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग,अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

### विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभा यात्रा धूमधाम से निकल

# हनुमान जी की रामभक्ति व कार्यशैली युवाओं में प्रेरणा एवं जोश का करती है संचार : राकेश कुमार त्यागी

(भव्य प्रभात)
हाथरस। विश्व हिंदू परिषद– बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभा यात्रा धूमधाम से निकल गई। मुख्य अतिथि विजय कुमार शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार वार्ष्णेय नगर पंचायत अध्यक्ष ने हवन यज्ञ में आहुति देने के उपरांत शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ । उद्घाटन कर्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री मा० राकेश कुमार त्यागी ने झंडी दिखाकर शोभा यात्रा प्रारंभ किया। अपने उद्बोधन में मा ० राकेश त्यागी ने हनुमान जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि हनुमान जी की रामभक्ति व कार्यशैली युवाओं में प्रेरणा एवं जोश का संचार करती है। प्रखंड अध्यक्ष डॉ अमित भार्गव ने बताया कि शहर में गत वर्ष की भांति ही यह शोभा यात्रा बडी धूमधाम से निकाली गयी है किंतु इस वर्ष की शोभायात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है कि लगभग 500 वर्ष बाद राम मंदिर बनने पर प्रभु राम अयोध्या वापस आए हैं इस लिए उत्साह, हर्ष और जोश के साथ यह शोभा यात्रा निकाली गई है ।



प्रखंड मंत्री डॉ विकास सिंह ने शोभा यात्रा में आए हुए सभी आगुंतकों को शुभकामनाएं और धन्यवाद प्रेषित किया। सीआईडी गुरु अखाड़े द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा जगह–जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा हनुमान भक्तों द्वारा का भव्य किया गया शोभायात्रा को सफल बनाने में शोभायात्रा संयोजक मोहित गौड का विशेष योगदान रहा। मुकेश स्रोती द्वारा प्रतीक चिन्ह भेट किए गए

इस अवसर पर पर जिला संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद कपिल तिवारी जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा जिला सह मंत्री प्रवीण खंडेलवाल जिला सेवा प्रमुख विद्याभूषण गर्ग पूर्व सह प्रांत सम्पर्क प्रमुख जय शर्मा ,विभाग सह संयोजक बजरंग दल हर्षित गौड, हेमंत कौशल, विपुल जैन, नीरज वार्ष्णेय, अंकित भार्गव, आकाश सिंह।

## थाना हसायन पुलिस द्वारा ०२ अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से ०२ अवैध तमंचा व ०४ जिन्दा कारतूस ३१५ बोर बरामद

हाथरस। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के कुशल नेतृत्व में थाना हसायन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों रवीकान्त उर्फ रवी पुत्र गोविन्द निवासी सीधामई थाना हसायन जनपद हाथरस एवं मनीष कुमार पुत्र पन्नालाल निवासी ढडौली थाना हसायन जनपद हाथरस को गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से 02 अवैध तमंचा व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है । अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हसायन पर मु0अ0सं0 116/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**बरामदगी का विवरण-**

1– 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त रवीकान्त उर्फ रवी उपरोक्त से) ।

2– 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त मनीष कुमार उपरोक्त से) ।

पंजीकृत अभियोग–

1– थाना हसायन जनपद हाथरस ।

2– मु0अ0सं0 117/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हसायन जनपद हाथरस ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम-**

1– उ0नि0 श्री रामनरेश थाना हसायन जनपद हाथरस ।

2– उ0नि0 श्री दयानन्द सिंह थाना हसायन जनपद हाथरस ।

3– का0 369 विजय बहादुर थाना हसायन जनपद हाथरस ।

4– का0 392 उत्तम कुमार थाना हसायन जनपद हाथरस ।

5– का0 770 विकाश पंवार थाना हसायन जनपद हाथरस ।

# मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु द्वितीय रैंडमाइजेशन सम्पन्न

(भव्य प्रभात)
हाथरस । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्णढंग से संपन्न कराये जाने हेतु आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में मा0 सामान्य प्रेक्षक महोदया श्रीमती पी0 श्री0 वेंकटाप्रिया एवं जिला निर्वाचन अधिकारीधजिला मजिस्ट्रेट अर्चना वर्मा की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु द्वितीय रैंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1295 पोलिंग बूथ के सापेक्ष 110 प्रतिशत पर 1426 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को नियुक्त किया गया है। इनका द्वितीय प्रशिक्षण दिनांक 28, 29, 30 अप्रैल एवं 01 मई 2024 को सैण्ट फ्रान्सिस इण्टर कालेज (सीनियर विंग), अलीगढ़ रोड, हाथरस में प्रातः 10:00 बजे से 01:00 बजे तक प्रथम पाली में एवं दोपहर 02:00 बजे से 05:00 बजे तक द्वितीय पाली में दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जो भी पीठासीनध मतदान अधिकारी प्रशिक्षण मे अनुपस्थित रहेगें, उनके विरूद्व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

रैंडमाइजेशन के दौरान प्रभारी अधिकारी (कार्मिक)ध्मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीआईओ एनआईसी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी, लोकेन्द्र, अमित आदि उपस्थित रहे।

# हनुमान जी के दर्शन करने मंदिरों में पहुँचे भक्त

## नवग्रह मंदिर पर छप्पन भोग व फूलबंगला के भक्तों ने किये दर्शन

(भव्य प्रभात)
हाथरस। हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिरों पर छप्पन भोग व फूल बगला से सजाया गया ।दर्शन करने के लिये हनुमान मंदिरों पर प्रातः से लेकर देर रात्रि तक महिला पुरूष व भक्तों की भारी भीड रही। हनुमान मंदिरों पर मेला लगा रहा। श्रद्धालू भजन कीर्तन करते देखे गये। अलीगढ़ रोड स्थित नवग्रह मंदिर पर प्रातः के समय से ही भक्तों की भीड उमडना शुरू हो गयी थी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवग्रह मंदिर पर 21 अप्रैल से 1 मई तक चलने वाले हनुमान महोत्सब में आज हनुमान जयंती के मौके पर विशाल छप्पन भोग फूल बंगला के दर्शनों के लिये भक्तों की भारी भीड लगी हुयी थी। सुंदर कांड पाठ, और बाबा की बधाई उत्सव



रात्रि 8 बजे भशुरू हुआ था जो अर्द्ध रात्रि तक चला था। मंदिर महंत दिनेश गुरु ने बताया कि आज 24 अप्रैल को रात्रि में 8 बजे रो राधाकृष्ण मयूर नृत्य लीला वृंदावन की मशहूर मंडली द्वारा प्रस्तुत की जायेगी। इसी तरह तालाब स्थित बुटिया जी के श्री राम दरबार मंदिर श्रीराम चौक पर फूल बंगला व सुदर कांड पाठ के साथ साथ प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर की व्यवस्था में मनोज बुटिया, दीपक बुटिया आदि लगे हुये थे। सासनी गेट स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, सादाबाद गेट स्थित हनुमान मंदिर के अलावा शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर देर रात तक भक्तों आगमन लगा रहा।

## १२वीं कक्षा की मुस्कान ने ८५ प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में पहला स्थान

हाथरस। हाल ही में यूपी बोर्ड ने इंटरमीडिएट और हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। इसमें एमपी सिंह इंटर कॉलेज कुम्हरई के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 12वीं कक्षा की मुस्कान ने 85 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रीति चौधरी ने 80 और अनुराग शर्मा ने 70 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल और माता–पिता का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में विशाल कुमार ने 90 प्रतिशत के साथ पहला स्थान पाया है। तनु ने 85 प्रतिशत, आरती 78 प्रतिशत इंदु ने 78 प्रतिशत, अनु 78 प्रतिशत, योगिता 80 प्रतिशत, शिब 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर होनहारों में शामिल रहे। प्रबंधक महिपाल सिंह, प्रिंसिपल रामकुमार, निर्देशक जयपाल सिंह, श्याम सुन्दर, वीरपाल सिंह, तवेन्द्र सिंह, रविकिशन ने छात्र छात्राओं को सम्मानित किया ।

# चहल ने बनाया रिकॉर्ड, 200 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बने

जयपुर। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले जा रहे आईपीएल 2024 के 38वें मैच में युजवेंद्र चहल ने इतिहास रच दिया। उन्होंने अपना 200वां विकेट हासिल किया। स्टार स्पिनर ने मोहम्मद नबी को अपने पहले ही ओवर में आउट किया और यह उपलब्धि हासिल की। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए आईपीएल 2024 के 38वें मैच में युजवेंद्र चहल ने इतिहास रच दिया। उन्होंने अपना 200वां विकेट हासिल किया। स्टार स्पिनर ने मोहम्मद नबी को अपने पहले ही ओवर में आउट किया और यह उपलब्धि हासिल की। चहल आईपीएल इतिहास में 200वां विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बन गए। पर्पल कैप की दौड़ में शामिल चहल ने जैसे ही मुंबई इंडियंस के मोहम्मद नबी का विकेट हासिल किया, ठीक वैसे ही उनके नाम यह रिकॉर्ड दर्ज हो गया। आईपीएल के इतिहास में 200वां विकेट हासिल करने वाले वह पहले गेंदबाज बन गए। इसके अलावा वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। चहल के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो का नाम आता है, जिन्होंने आईपीएल में 183 विकेट हासिल किए। आईपीएल में सबसे पहले 50 विकेट आरपी सिंह ने पूरे किए थे। 100 विकेट सबसे पहले पूरे करने का रिकॉर्ड लसिथ मलिंगा के नाम दर्ज हैं। इतना ही नहीं उनके नाम 150 विकेट भी पूरे करने का रिकॉर्ड दर्ज है। आईपीएल में ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज 50 विकेटरू आरपी सिंह (12 अप्रैल 2010) 100 विकेटरू लसिथ मलिंगा (18 मई 2013) 150 विकेटरू लसिथ मलिंगा (6 मई 2017) 200 विकेटरू युजवेंद्र चहल (22 अप्रैल 2024) 2013 में किया डेब्यू चहल ने आईपीएल 2013 में डेब्यू किया था। अब तक वह 153 मैच खेल चुके हैं। इनकी 152 पारियों में उन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से 200 विकेट हासिल किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 40 ओवर देकर पांच विकेट हासिल करना रहा है। वह 7.71 के इकोनॉमी रेट से रन खर्च करते हैं। राजस्थान की नौ विकेट से जीत राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराकर सीजन की सातवीं जीत हासिल की। अंक तालिका में राजस्थान की स्थिति मजबूत हो गई है। टीम पहले स्थान पर 14 अंकों के साथ बनी हुई है। वहीं, मुंबई सातवें स्थान पर है। टीम के खाते में छह अंक हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 179 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट खोकर 183 रन बनाए।




## स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार, जोकोविच साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरेस पुरस्कार जीता। लॉरेस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को 'स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं' की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

## पेशेवर स्क्वाश से संन्यास लिया, लेकिन भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे

नयी दिल्ली। भारत के सबसे बेहतरीन पुरूष स्क्वाश खिलाड़ियों में शामिल सौरव घोषाल ने सोमवार को पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु–खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। पेशेवर सर्किट में 22 साल खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांग्झोउ एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतने के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। उन्होंने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चौंपियनशिप में मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''मैंने 22 साल पहले 'पीएसए विश्व टूर' पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा।'' इस 37 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''लेकिन हर चीज का एक अंत होता है। यह संदेश लिखते समय मैं भावनाओं से अभिभूत हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है। इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीएसए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।'' कोलकाता में जन्में घोषाल दुनिया के शीर्ष 10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की उच्चतम रैंकिंग हासिल की और छह महीने तक उसे बनाये रखने में सफल रहे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में पदार्पण करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था। घोषाल का खेल हालांकि अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है और वह भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि मैं प्रतिस्पर्धी स्क्वाश को पूरी तरह से अलविदा नहीं कह रहा हूं। मैं कुछ और समय तक भारत के लिए खेलना चाहूंगा। उम्मीद है कि मेरे अंदर संघर्ष करने की कुछ क्षमता बाकी है और मैं अपने देश के लिए कुछ और हासिल कर सकता हूं। तब तक, धन्यवाद।

## बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चौंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता।

# इरडा का बड़ा ऐलान, अब 65 की उम्र के बाद भी खरीद सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी

नई दिल्ली। बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडा ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा, 'बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता



विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।' इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ–आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे कर सकते हैं।

# दिल्ली को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, पंत की कप्तानी पर भी रहेंगी नजरें

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है। टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ पंत के फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह अरूण जेटली स्टेडियम में ओस के पहलू को सही तरह से नहीं भांप पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंत का पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का फैसला और भी विवादास्पद रहा और सनराइजर्स ने तूफानी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए।

# किसी के बाप की इंडस्ट्री नहीं है... विद्या बालन



## विद्या बालन ने नेपोटिज्म की बहस को जोरदार तरीके से खत्म किया

विद्या बालन इस समय प्रतीक गांधी के साथ अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता जोर–शोर से फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। इस बीच विद्या अपने संघर्ष के बारे में भी कई खुलासे कर रही हैं और उन्होंने बॉलीवुड में भाई–भतीजावाद की बहस पर प्रतिक्रिया दी है।

विद्या बालन इस समय प्रतीक गांधी के साथ अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता जोर–शोर से फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। इस बीच विद्या अपने संघर्ष के बारे में भी कई खुलासे कर रही हैं और उन्होंने बॉलीवुड में भाई–भतीजावाद की बहस पर प्रतिक्रिया दी है। बता दें, विद्या उन एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हैं जो बिना किसी गॉडफादर के इंडस्ट्री में आए और अपना नाम बनाया। विद्या को अपनी बेहतरीन एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में पहचान मिली है. जब उनसे फिल्म उद्योग में स्टार किड्स के प्रभुत्व के बारे में पूछा गया, तो दो और दो प्यार अभिनेता की इस पर सबसे सराहनीय प्रतिक्रिया थी।


विद्या बालन ने क्या कहा?

हाल ही में एक मीडिया इंटरेक्शन के दौरान विद्या बालन से सह–कलाकार प्रतीक गांधी के साथ भाई–भतीजावाद के बारे में सवाल पूछा गया। यहां अभिनेता ने कहा, ष्मुझे नहीं पता कि मैं इसका जवाब कैसे दूं क्योंकि भाई–भतीजावाद या कोई भाई–भतीजावाद नहीं, मैं यहां हूं। किसी के बाप की इंडस्ट्री नहीं है ये, वरना हर बाप का बेटा या बेटी सफल होती। (किसी के पिता इस उद्योग के मालिक नहीं हैं) अन्यथा, हर पिता का बेटा या बेटी सफल होता।) इसलिए, मुझे लगता है कि इससे वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता। विद्या के लिए न सिर्फ दर्शकों में बैठे लोगों ने तालियां बजाईं, बल्कि उनके बगल में बैठे प्रतीक भी सहमति में सिर हिलाते नजर आए।

अभिनेता ने आगे कहा, ष्मैं अपना काम करके खुश हूं। कई बार मुझे लगा कि शायद अगर मुझे कुछ लोगों का समर्थन मिलता तो लोग उस दौर में थोड़ा दयालु होते। लेकिन मुझे लगता है कि इससे वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता।ॽ कहा।

इस दिन रिलीज होगी दो और दो प्यार

वर्कफ्रंट की बात करें तो विद्या बालन प्रतीक गांधी के साथ फिल्म दो और दो प्यार में नजर आएंगी। दिग्गज गायक लकी अली द्वारा गाए गाने के साथ इस फिल्म का टीजर भी जारी किया गया है। फिल्म में इलियाना डिक्रूज भी हैं। दो और दो प्यार 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा विद्या कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी के साथ भूल भुलैया 3 में भी नजर आएंगी।



## आखिर कब कर रही हैं मलाइका अरोड़ा शादी?

अरहान के टॉक शो में नई मेहमान हैं बनकर आईं मलायका अरोड़ा। बेटे अरहान ने मां मां मलायका अरोड़ा से पूछा कि आप कब शादी कर कर रही हैं। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में मलायका अरोड़ा और सरजिता रैयानी दिखाई दे रही हैं। वहीं मलायका ने अपने बेटे अरहान से पूछा– तुमने अपनी वर्जिनिटी कब खोई?मलाइका अरोड़ा बेटे अरहान के टॉक शो डंब बिरयानी में नए मेहमानों में से एक हैं। चौनल के ऑफिशियल पेज पर अरहान ने वीडियो का टीजर पोस्ट किया। वीडियो में मलाइका अरोड़ा अपने बेटे से पूछती हैं, श्तुमने अपनी वर्जिनिटी कब खोई?श ष्याह,ॽ वह जवाब देता है। इसके बाद अरहान अपनी मां से पूछते हैं, ष्क्या आप एक सामाजिक पर्वतारोही हैं?ॽ क्लिप में मलाइका जवाब देती हैं, ष्मैं नहीं हूं।ॽ मलायका जोर देकर कहती हैं, ष्बस मुझे ईमानदारी से जवाब दो। बस मुझे एक ईमानदार जवाब दो।ॽ टीजर के अंत में अरहान, मलायका से पूछते हैं, ष्मुझे अपना हाथ दिखाओ मां। आप शादी कब कर रही हैं यह मेरा अगला सवाल है?ॽ

# मौका दिया तो वेस्ट यूपी को बनाएंगे अलग राज्य, मेरठ में होगी हाईकोर्ट बेंच

मेरठ। बसपा सुप्रीमो मायावती आज कई वर्ष बाद मेरठ की क्रांतिकारी धरती से जनता को संबोधित करने पहुंचीं। हापुड़ रोड पर उन्होंने मंच से जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि जनता ने मौका दिया तो वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाने के लिए कार्य करेंगे और मेरठ में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना का प्रयास किया जाएगा। बसपा सुप्रीमो मायावती आज मेरठ में हापुड़ रोड पर जनसभा करने पहुंचीं। उनकी रैली के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। हाजी याकूब कुरैशी भी रैली में पहुंचे। समशुदीन राईन और देवव्रत त्यागी मंच पर मौजूद रहे। बसपा मुखिया एवं पूर्व सीएम मायावती हापुड रोड पर अल्लीपुर में बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी सभा को संबोधित कर वोट करने की अपील की। इस बार लोकसभा चुनाव में यह मेरठ में उनकी पहली जनसभा थी। मायावती कई वर्ष बाद मेरठ में जनसभा करने पहुंचीं। उन्होंने मच से भाजपा और कांग्रेस पर जमर निशाना साधा तो वहीं मौका मिलने पर वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाने की बात कही। जनता ने मौका दिया तो सबसे पहले पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का करेंगे कायरूं मायावती बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि यदि जनता ने हमें केंद्र में सरकार बनाने का मौका दिया तो सबसे पहला कार्य है उत्तर प्रदेश का बंटवारा करके पश्चिम उत्तर प्रदेश बनाया जाएगा। मेरठ में होगी हाई कोर्ट बेंच की स्थापनारू बसपा सुप्रीमो उन्होंने कहा कि लखनऊ बेंच की तर्ज पर मेरठ में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की जाएगी। सभी बेरोजगार, दलित, मुस्लिम, गरीब, युवाओं को स्थाई रोजगार यानी सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को भी गन्ने का उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन दिया। मायावती आज हापुड़ रोड स्थित अलीपुर में मेरठ–हापुड़ लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस और विपक्षी दलों की सहयोगी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सभी राजनीतिक दलों ने के गरीब लोगों के साथ अन्याय किया है। सविंधान के साथ छेड़छाड़ का प्रयास, गरीबों से छीना जा रहा असली रोजगार संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है। जहां दलित अति पिछड़ों के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ की गई है, वहीं सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। भाजपा की सरकार गरीबों को दो वक्त का सरकारी राशन देकर उनका असली रोजगार का अधिकार छीन रही है। उन्होंने मंच से अपनी सरकार के 2007 से 12 तक उत्तर प्रदेश की जनता के लिए किए गए कार्यों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के अंदर दलित और मुसलमानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर दलित मुस्लिम अति पिछड़े और सामान्य वर्ग के गरीब लोगों ने उन्हें केंद्र में सरकार बनाने का अवसर दिया तो किसी को उनके उत्पीड़न करने का अधिकार नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के लिए वोट का आवाहन किया और मेरठ की क्रांति धरा से लोकसभा सांसद चुनकर भेजने की अपील की। इस अवसर पर बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी हाफिज इमरान ने संयुक्त रूप से बहन मायावती को सोने का मुकुट भेंट कर सम्मानित किया।



## संपत्ति विवाद को लेकर 2 पक्षों के बीच चली गोलियां, 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नोएडा,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में संपत्ति को लेकर विवाद में एक परिवार के दो पक्षों में गोलीबारी हुई हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना फेस –3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सोमवार रात को गश्त के दौरान उप निरीक्षक मनीष कुमार को गढ़ी चौखंडी गांव के अशोका होटल के निकट दो पक्षों में गोलीबारी की सूचना मिली, जिसके बाद चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस के पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग निकले। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान आजाद, मुनेंद्र, राकेश यादव और तय्यूब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आजाद नोएडा सेक्टर 70 और मुनेंद्र सर्फाबाद गांव का रहने वाला जबकि राकेश यादव कुड़िया गढ़ी गांव और तय्यूब सर्फाबाद का रहने वाला है।अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों में संपत्ति को लेकर आपस में विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## मुख्तार अंसारी की मौत जहर से नहीं हुई,विसरा रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत

बांदा,(यूएनएस)। मुख्तार अंसारी की मौत के 26 दिन बाद उसकी विसरा रिपोर्ट आ गई है। सूत्रों के मुताबिक, इसमें कहा गया है कि मुख्तार की मौत जहर से नहीं, बल्कि हार्ट अटैक से हुई थी। विसरा रिपोर्ट न्यायिक जांच टीम को भेज दी गई है। यह रिपोर्ट इसलिए अहम है क्योंकि 21 मार्च यानी मौत से 7 दिन पहले खुद मुख्तार ने बाराबंकी कोर्ट में एप्लिकेशन दी थी। इसमें उसने दावा किया था कि जेल में उसकी हत्या की साजिश हो रही है। उसे खाने में स्लो पॉइजन दिया जा रहा है। मुख्तार की मौत के बाद उसके सांसद भाई अफजाल अंसारी और बेटे उमर अंसारी ने भी मुख्तार को जहर दिए जाने का आरोप लगाया था। अफजाल अंसारी ने कहा था कि उनके पास जेल में मुख्तार को जहर देने के सबूत हैं, जिसे समय आने पर सबके सामने रखूंगा। चित्रकूट एसपी ने मुख्तार की बिसरा रिपोर्ट आने की पुष्टि की है। हालांकि, रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है।

## सिपाही का ट्रक ड्राइवर से वसूली का वीडियो, अधिकारियों ने आरोपी को निलंबित किया

बांदा,(यूएनएस)। जिले में सिपाही का ट्रक ड्राइवर से वसूली का वीडियो सामने आया है। कुछ ही दूर पर अधिकारी की गाड़ी भी खड़ी हुई दिखाई दे रही है। वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गई। प्रशासन ने आरोपी सिपाही को निलंबित करके मामले की जांच के आदेश दिए हैं। यह वीडियो 21 और 22 की रात का बताया जा रहा है। जिला प्रशासन ने वीडियो को संज्ञान में लिया है और जांच के आदेश भी दिया है और सिपाही को निलंबित कर दिया गया। साथ ही एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। एडीएम राजेश कुमार ने बताया की जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। बांदा में अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग को लेकर डीएम ने एसटीएफ टीम का गठन किया था। जिसमें प्रशासन, पुलिस, परिवहन, खनिज और सेल टैक्स के अफसरों की कई टीम बनाई गई थी। इस बीच सेल टैक्स विभाग के अतर्रा तहसील क्षेत्र की टीम की गाड़ी 21 अप्रैल की रात चेकिंग में निकली थी। गाड़ी में अधिकारी और उनकी टीम भी मौजूद थी। इसी बीच सेल टैक्स विभाग का सिपाही ट्रैक के कागजात चेक करने की बात कह उनसे अवैध रूप से वसूली करने लगा। जिसका किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया ने वायरल कर दिया। प्रशासन ने वीडियो को संज्ञान में लेकर सिपाही को निलंबित कर दिया है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने की खुदकुशी

बांदा,(यूएनएस)। बहन की शादी से चार दिन पहले युवक का शव पेड़ से लटका मिला। परिजन पारिवारिक विवाद में आत्महत्या की बात कह रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अण्डर–19 आयु वर्ग की अर्न्तजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़ रायबरेली की जीत के साथ

रायबरेली। उत्तर प्रदेष क्रिकेट एसोसिएषन द्वारा सत्र–2024–25 हेतु बनने वाली अण्डर–19 आयु वर्ग (बालक) क्रिकेट टीम के लिए पूरे प्रदेष में अर्न्तजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएषन द्वारा रायबरेली मण्डल के अन्तर्गत आने वाले जनपद रायबरेली, जनपद प्रतापगढ़ व जनपद अमेठी की अर्न्तजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता 22 अप्रैल से स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में षुरू हो गयी है। इस प्रतियोगिता में पहला मैच जनपद रायबरेली व जनपद प्रतापगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतापगढ़ ने निर्धारित 45 ओवरों में दीपक यादव के 50 रन नाबाद व हर्ष पाण्डेय के 53 रनों की बदौलत 9 विकेट खोकर 234 रन बनाये। रायबरेली जनपद की ओर से गेंदबाजी में मो0 अब्बास खान ने 3 विकेट तथा आदित्य पाण्डेय व मोहित सिंह ने 2–2 विकेट हासिल किये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायबरेली जनपद की टीम ने निर्धारित लक्ष्य आर्यवर्धन सिंह के 56 रन नाबाद व मो0 फारिज़ के 53 रन नाबाद की बदौलत 9 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस मैच में अम्पायरिंग का दायित्व यू0पी0सी0ए0 पैनल के अम्पायर फतेहपुर के आले हसन व कानपुर के आसिफ रज़ा ने निभायी जबकि स्कोरर का दायित्व यू0पी0सी0ए0 पैनल के स्कोरर लखनऊ के षरद तिवारी ने निभायी। ऑब्जर्वर के रूप में यू0पी0सी0ए0 के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी अलीगढ़ के असलम अली उपस्थित रहे। यू0पी0सी0ए0 के मीडिया मैनेजर व रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएषन के डायरेक्टर श्री मोहम्मद फहीम ने बताया कि यह अर्न्तजनपदीय प्रतियोगिता 24 अप्रैल तक स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में खेली जायेगी। रायबरेली जनपद में क्रिकेट का उपयुक्त मैदान न होने के कारण यह प्रतियोगिता प्रतापगढ़ में आयोजित की जा रही है जिससे रायबरेली जनपद के खेल प्रेमी अच्छे खेल को देखने से वंचित रह जा रहे हैं। उन्होने ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रायबरेली जनपद का अगला मैच कल दिनांक 24 अप्रैल 2024 को अमेठी जनपद के विरूद्ध खेला जायेगा।

# बिल्डर पर एक्शन के लिए शासन को भेजी रिपोर्ट

नोएडा,(यूएनएस)। फ्लैट खरीदारों की सहूलियत के लिए अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू हुए चार महीने का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक मात्र 15 परियोजनाओं के बिल्डर ही पैसा जमा करने के लिए आगे आए हैं। करीब 27 बिल्डरों ने पैसा जमा नहीं किया है। ऐसे में अब बिल्डरों पर सख्ती की तैयारी है। नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इसके साथ ही यह भी पूछा है कि जो बिल्डर पैसे जमा करने को आगे नहीं आ रहे हैं, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए। बता दें यही इस बार का सबसे बड़ा स्थानीय चुनावी मुद्दा है। रजिस्ट्री को लेकर ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बायर्स ने नो रजिस्ट्री नो वोट का कैंपेन में चला रखा है। हालांकि यहां हम सिर्फ नोएडा की बात करने जा रहे है। यूपी कैबिनेट की मंजूरी के बाद अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें को 21 दिसंबर 2023 को लागू कर दिया गया था। नोएडा में 57 ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनका किसी न्यायालय या किसी तरह का विवाद नहीं है। उसी दौरान इन परियोजनाओं के बिल्डरों के साथ सीईओ ने बैठक की थी। अधिकारियों ने बताया कि 57 में से 42 बिल्डरों ने इस सुविधा का फायदा लेने को सहमति दी थी। इन 42 में से 15 बिल्डरों ने अभी तक कुल बकाए में से 25 प्रतिशत धनराशि जमा कर दी है। इन बिल्डरों के जरिए 125 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं, जबकि 27 बिल्डरों ने अभी तक कोई पैसा जमा नहीं किया है। पैसा जमा करने को लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने करीब 15 दिन पहले डिफॉल्ट बिल्डर और क्रेडाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसमें सीईओ ने बिल्डरों को अल्टीमेटम दिया था कि 12 अप्रैल तक बकाया जमा कर दें, लेकिन कोई बिल्डर पैसे जमा करने के लिए अभी तक आगे नहीं आया। हालांकि, उसी दिन बैठक में सीईओ के सामने बिल्डरों ने 12 मई तक बकाया जमा करने की छूट मांगी थी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक कितने बिल्डरों ने कितना–कितना पैसा जमा कराया है, कितने फ्लैट की रजिस्ट्री होनी प्रस्तावित है और कितनी हो चुकी है समेत अन्य बिन्दुओं पर पूरी स्टेटस रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी गई है। इसके अलावा जो बिल्डर पैसा जमा करने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं, उन पर क्या कार्रवाई की जा सकती है। इसको लेकर भी शासन से मार्गदर्शन मांगा है। अधिकारियों ने बताया कि कुल बकाए में से 15 परियोजनाओं के बिल्डरों ने 25 प्रतिशत राशि जमा की है।

भव्य प्रभात

# पर्यावरणीय जवाबदेही

यह जानते हुए भी कि प्रकृति के साथ इंसानी क्रूरता से उपजे ग्लोबल वार्मिंग संकट ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है, हमारी सरकारें इस गंभीर चुनौती के मुकाबले को लेकर उदासीन नजर आती हैं। आज दुनिया में हर साल करोड़ों लोगों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखे, बाढ़ व चक्रवातों की वजह से विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर खेतों में खाद्यान्न उत्पादकता में कमी आई है। साथ ही लाखों लोगों को अपने जीवन से हर साल हाथ धोना पड़ता है। लेकिन विकसित देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन पर बड़े सम्मेलनों के आयोजन के अलावा इस संकट से निपटने के लिये युद्धस्तर पर कोई कोशिश होती नजर नहीं आती। सिर्फ जुबानी जमाखर्च के अलावा कोई ठोस पहल विकसित व विकासशील देशों के स्तर पर अब तक नहीं हुई है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभाव के प्रति सरकारी निष्क्रियता को चुनौती देने वाली स्विस वृद्ध महिलाओं द्वारा दायर याचिका पर यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला सरकारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक आदेश इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन प्रभावों से सुरक्षा मांगना एक मौलिक मानव अधिकार है। निस्संदेह फैसला पूरे यूरोप के लिये एक नजीर होनी चाहिए। यह फैसला बताता है कि जलवायु संकट से निपटने की तत्काल जरूरत है। सरकारों को जलवायु अनुकूल नीतियों को लागू करने में दृढ़ इच्छाशक्ति दिखानी होगी। साथ ही सरकारों को जवाबदेह बनाने वाले सार्वजनिक दबाव व नागरिक सक्रियता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निस्संदेह नागरिकों की जागरूकता को कमतर नहीं आंका जा सकता। जाहिर बात है कि यदि लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता व प्रत्याशा को जलवायु संकट बुरी तरह प्रभावित कर रहा हो तो सरकारें कैसे उदासीन बनी रह सकती हैं। तमाम अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन से जहां हमारी खाद्य शृंखला खतरे में है, वहीं तमाम तरह के नये–नये घातक रोग सामने आ रहे हैं। जिनसे निपटने के लिये तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला पूरे विश्व के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जीवन रक्षा को हमारे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा था। कोर्ट ने माना था कि जलवायु परिवर्तन का असर सीधा जीवन के अधिकार पर पड़ता है। अदालत ने एक फैसले में कहा था कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिये नागरिकों के अधिकारों की दृष्टि से स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला यूरोपीय व अमेरिकी देशों की जलवायु नीतियों को भी नया आकार प्रदान करने में सहायक होगा। यह फैसला जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकारों के अंतर्संबंध को प्रदर्शित करते हुए बताता है कि पर्यावरणीय संकट के कारण हाशिये पर आने वाले समुदायों को तत्काल संरक्षण प्रदान करने की जरूरत है। पर्यावरण के स्तर पर उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियां समाज में हाशिये पर रहने वाले समाजों को असंगत रूप से प्रभावित करती हैं। साथ ही सामाजिक असमानता को बढ़ाती हैं। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में जनजातियों के सामने भोजन व पानी का संकट पैदा हो रहा है। इन उपेक्षित समुदायों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। निश्चित रूप से नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन से जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में खासी मदद मिल सकती है। वैकल्पिक ऊर्जा का प्रयोग न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करता है बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिये स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता को भी बढ़ावा देता है। निश्चित रूप जलवायु परिवर्तन प्रभावों पर अदालत का फैसला एक आदर्श बदलाव का संकेत भी है। जो जलवायु बदलावों के प्रभावों से निपटने तथा भविष्य की पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा के लिये सरकारों को जवाबदेह बनाता है।

# डगमग–डगमग होवे कुर्सी, धर्म को आगे करता है!

**राजेंद्र शर्मा**

हैरानी की बात नहीं है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से निकला एक आम तौर पर चिंताजनक रुझान आश्चर्यजनक तरीके से चर्चा से प्रायरू दूर ही बना रहा है। हमारा इशारा इस तथ्य की ओर है कि 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के चुनाव में, मतदान का प्रतिशत कुल 65.5 फीसद के करीब रहा है, जो कि 2019 के चुनाव के मुकाबले लगभग 4 फीसद गिरावट को दिखाता है। बेशक, चुनाव आयोग द्वारा पहले चरण के मतदान के अनुपात के अंतिम आंकड़े दिए जाने का अभी इंतजार ही हो रहा है, फिर भी चूंकि उक्त कच्चे आंकड़े खुद चुनावी मशीनरी से ही निकले हैं, अंतिम आंकड़ों के मत फीसद में गिरावट के इस रुझान को नकार ही देने की संभावनाएं नहीं के बराबर हैं। याद रहे कि आम चुनाव का यह पहला चरण, करीब पौने दो महीनों में फैली समूची चुनावी प्रक्रिया का, सबसे बड़ा चरण था, जिसमें देश भर में फैले 21 राज्यों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों में, कुल 102 लोकसभा सीटों पर वोट पड़े थे। अब तक प्राप्त जानकारियों के अनुसार, इनमें से 19 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान का फीसद, 2019 के मुकाबले गिरावट पर रहा है, जो स्पष्ट्ट रूप से इस रुझान के देशव्यापी होने का संकेत करता है। छत्तीसगढ़ तथा मेघालय ही गिरावट के इस रुझान के अपवाद रहे हैं। इस महत्वपूर्ण रुझान के चर्चा से लगभग बाहर ही बने रहने के कारणों का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है। किसी भी तरह से क्यों न देखा जाए, यह रुझान अब की बार चार सौ पार के सत्ताधारी गठजोड़ के प्रचार–दावों की तेजी से हवा निकालता नजर आता है। आखिर, इस गिरावट से कम से कम यह स्वयंसिद्घ है कि इस चुनाव में कोई उस तरह की इकतरफा लहर तो है ही नहीं, जिसके बिना सत्ताधारी पार्टी कुल 543 सीटों में से चार सौ पार तो किसी तरह कर ही नहीं सकती है। सबसे बढ़कर इसी अंतर्निहित संकेत के चलते, मुख्ख्यधारा के मीडिया पर अपने लगभग पूर्ण नियंत्रण के सहारे, सत्ताधारी संघ–भाजपा ने इस रुझान की चर्चा को दबा ही दिया है।लेकिन, मतदान अनुपात में गिरावट के इस रुझान का अर्थ सिर्फ इतना ही नहीं कि अब की बार चार सौ पार के नारे, कोरे प्रचार जुमड्लों के सिवा और कुछ नहीं हैं, जिन्हें मनौवैज्ञानिक प्रचार युदघ के हिस्से के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। दूसरी ओर, यह रुझान इसकी कल्पनाओं पर भी अंकुश लगाता है कि सत्ताधारी गठजोड़ के खिलाफ जन विक्षोभ की कोई ऐसी आंधी चल रही है, जो चुनाव में उसका सफाया कर देने वाली हो। कम से कम ऐसा कोई अनुमान, मत फीसद में इस गिरावट की संगति में नहीं होगा। वास्तव में सामान्य तौर पर तो मतदान के अनुपात में बढ़ोतरी को ही, किसी सत्ताविरोधी लहर की संभावना का इशारा समझा जाता है। लेकिन, मत फीसद में गिरावट को उसी प्रकार, सत्ता–समर्थक रुझान का संकेतक नहीं माना जाता है। उक्त दो अतियों के नकार के दायरे में, इस गिरावट के कहीं जटिल संकेत बनते हैं। इन संकेतों में काफी स्थानीय भिन्नताएं भी होंगी। मिसाल के तौर तमिलनाडु में, जहां पुदुच्चेरी की एक सीट को मिलाकर, कुल 40 सीटों में से अधिकांश पर द्रमुक के नेतृत्ववाले वर्तमान सत्ताधारी मोर्चे का कब्जा है और उसकी मुख्ख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक में पिछले आम चुनाव के बाद के दौर में गंभीर विभाजन हो चुका है और उसके साथ गठजोड़ टूटने के बाद भाजपा, कुछ और छोटी पार्टियों को साथ लेकर, काफी पीछे तीसरा खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रही है, मत फीसद में 2019 के आम चुनाव के मुकाबले लगभग 3 फीसद की गिरावट के, चुनाव के नतीजों को एक प्रकार से तयशुदा मानने से पैदा होने वाली उत्साह और उत्सुकता की कमी का ही इशारा होने की ही संभावनाएं ज्यादा हैं। दूसरी ओर, राजस्थान में और उत्तराखंड में भी देखने को मिली 6 फीसद के करीब गिरावट, वहां 2019 में सभी सीटें जीतने वाली भाजपा के जनसमर्थन में गिरावट और इसके चलते चुनावी हवा उसके प्रतिकूल होने की संकेतक हो सकती है। बहरहाल, जैसा कि हमने शुरू में ही कहा मत फीसद में गिरावट और इसलिए, चुनाव के इकतरफा होने की संभावनाओं में गिरावट का यह रुझान, देशव्यापी है। लेकिन, इसके साथ यह और जोड़ दें कि यह देशव्यापी रुझान सिर्फ इस पहले चरण तक ही सीमित रहे और आगे पलट जाए, इसके आसार भी कम ही हैं। 2019 और 2014 के भी चुनाव के मतदान के आंकड़ों का विश्लेषण यही दिखाता है कि पहले चरण में सामने आया रुझान, पूरे चुनाव के ही रुझान की बानगी पेश कर देता है। यानी गिरावट का यह रुझान, इस बार चुनाव के शेष चरणों में भी दुहराए जाने की ही ज्यादा संभावनाएं हैं। यानी चार सौ पार के दावों को तो भूल ही जाएं, सत्तापक्ष के लिए आसार कोई बहुत अच्छे नहीं हैं बल्कि कुछ न कुछ प्रतिकूल ही लगते हैं। इन संभावनाओं पर पर्दा डालना अपनी जगह, इसी सच्चाई के एहसास ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संघ–भाजपा को, हिंदुत्व की अपनी सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लेने की ओर, चुनाव के इस शुरूआती दौर में ही धकेल दिया लगता है। राजस्थान में बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री के चुनावी भाषण में जैसी हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक दुहाई का इस्तेमाल किया गया, वह इस बार के चुनाव में खुद नरेंद्र मोदी के अब तक के रिकार्ड को भी बहुत पीछे छोड़ देता है। बेशक, जैसाकि हमने अपनी पिछली टिप्पणी में ध्यान दिलाया था, इस बार चुनाव प्रचार की शुरूआत से ही खुद प्रधानमंत्री मोदी राम मंदिर के उद्घाटन, सनातन के नाम पर विवाद आदि के माध्यम से, खुद को हिंदू–हितैषी और उससे भी बढ़कर, अपने राजनीतिक–चुनावी विरोधियों को हिंदू–विरोधी साबित करने की कोशिशों में लगे रहे थे। इसी क्रम में कुछ नये हथियार जोड़ते हुए उन्होंने, अपने विरोधियों को हिंदुओं के पवित्र दिनों में मांस–मछली पका–खाकर, मुगलों की तरह सोच–समझकर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला साबित करने की कोशिश की थी। बहरहाल, बांसवाड़ा की चुनावी सभा का प्रधानमंत्री का भाषण तो, बदहवासी में सांप्रदायिकता के दोहन की पराकाष्ठ्ठा तक पहुंच जाने को ही दिखाता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के प्रमुख हिस्से में शुरूआत तो कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र का जिक्र कर, इसके दावे करने से की कि वामपंथीध शहरी माओवादी नीतियां अपनाकर कांग्रेस, संपत्तियों का सर्वे कर, संपत्तियों के वितरण के रास्ते पर जा रही है, जो भी शुदघ झूठ है। लेकिन, इसे फौरन उन्होंने कांग्रेस पर इसके लिए हमले में बदल दिया कि अगर वह सत्ता में आ गयी तो गरीबों की संपत्ति, महिलाओं के गले के मंगलसूत्र तक छीन लेगी। लेकिन, यहां से उन्होंने शुद्घ सांप्रदायिक प्रचार में छलांग लगाते हुए, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के एक संबोधन के संबंध में सरासर झूठे तथा तोड़–मरोड़ पर आधारित दावे करते हुए कहा कि जैसाकि सिंह ने कहा था, राष्ट्रीय संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का होगा यानी गरीबों से लूटकर संपत्ति मुसलमानों को दे दी जाएगी! लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी को इतने पर भी संतोष नहीं हुआ। और उन्होंने मुसलमानों यानी इन कथित रूप से लूट की संपत्तियों के लाभार्थियों के लिए दो सांप्रदायिक नफरत छलकाते विशेषणों का प्रयोग और कियाकृज्यादा बच्चे पैदा करने वाले और घुसपैठिए! यहां से आगे प्रधानमंत्री का अल्पसंख्ख्यकों के खिलाफ नफरत को, नरसंहार की पुकारों तक ले जाना ही बाकी रहता है, जो चुनाव के आखिरी चरणों तक पहुंचते–पहुंचते किसी न किसी रूप में सामने आ जाए, तो हैरानी की बात नहीं होगी। इसकी वजह यह है कि चुनाव आयोग ने सत्ताधारी पार्टी और उसमें भी खासतौर पर प्रधानमंत्री तथा अन्य शीर्ष नेताओं को नियम–कायदों से ऊपर रखना तय किया है, जिससे उसकी ओर से उन्हें किसी रोक–टोक की परवाह करने की जरूरत नहीं है और दूसरी ओर, चुनाव को हाथ से फिसलता देखकर, उनकी बदहवासी बढ़ती ही जाने वाली है। चुनाव हाथ से फिसलने के मोदी एंड कंपनी के इसी एहसास, जिसे पहले चरण के मतदान के संकेतों ने और तीखा बना दिया है, का एक और संकेतक स्वयं प्रधानमंत्री का चुनाव की पूर्व–संध्या में प्रमुख मीडिया संस्थानों को घर बुला–बुलाकर इंटरव्यू देना है और इस तरह, चुनाव सभाओं से लेकर, विज्ञापनों तक तमाम माध्यमों से अपने धुंआधार प्रचार को भी अपर्याप्त मानकर, निजी तौर पर कुछ और प्रचार उसमें जोड़ना है। कहने की जरूरत नहीं है कि न सिर्फ ये इंटरव्यू पूरी तरह से पहले से तय सवालों के पहले से तय जवाब प्रसारित करने के हिसाब से तैयार किए जा रहे हैं बल्कि इन तथाकथित साक्षात्कारों के लिए संबंधित मीडिया घरानों के अनुकूल पत्रकारों का चयन भी, खुद प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा ही किया जा रहा बताया जाता है।कहने की जरूरत नहीं है कि यह सब इसलिए भी हो रहा है कि अपनी तमाम सीमाओं और सत्ताधारी गिरोह द्वारा सामने खड़ी कर दी गयी। सारी प्रतिकूलताओं के बावजूद, विपक्ष उसके सामने गंभीर चुनौती पेश कर रहा है, जिसमें इस चुनाव में विपक्षी एकता सूचकांक का काफी ऊंचा रहना भी शामिल है। इसी के एक और संकेत में, पहले चरण के मतदान के दो दिन बाद ही, रविवार को झारखंड में विपक्ष की जबर्दस्त उल–गुलान रैली हुई है, जिसमें एक बार विपक्ष ने सारी चुनौतियों के बावजूद अपनी एकता का जबर्दस्त प्रदर्शन किया है। यही सब मोदी को प्रचार के हर गुजरने वाले दिन के साथ, ज्यादा से ज्यादा बदहवास कर रहा है।

## सरस्वती विधा मंदिर के छात्र जितिन गंगवार ने यूपी में दवा स्थान पाया



तिलहर । सरस्वती विधा मंदिर इन्टर कालेज के हाई स्कूल के छात्र जितिन गंगवार ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाहजहांपुर जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया इसके अलावा इसी कालेज के हाई स्कूल के छात्र आदित्य राजपूत ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में तीसरा, कालेज के छात्र कुनाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा, प्रिंस सिंह ने 94.17 प्रतिशत अंक सांतवा, सरल त्रिवेंद्री ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां अंक प्राप्त कर विधालय का गौरव बढाया! सभी होनहार सफल विधार्थियो को कालेज के प्रधानाचार्य डा० जितेंद्र सिंह व कालेज के अन्य गुरु जनो ने बधाई दी!

## दिक्कत हुई खत्म, अब परौर पीएचसी पर लगेंगे रेबीज के इंजेक्शन

शाहजहांपुर। तहसील कलान क्षेत्र के परौर में अभी तक रेबीज इंजेक्शन लगने की सुविधा नहीं थी। यदि किसी को कुत्ता या बंदर काट लेता था तो उसे कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचना पड़ता था। इसके लिए समय बर्बाद होता था और आने–जाने में रुपये भी खर्च होते थे लेकिन अब यह सुविधा परौर पीएचसी पर हो गई है। अब लोगों को कलान नहीं दौड़ना पड़ेगा। कलान के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश सिंह ने बताया की शासन की मंशा है कि प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व एडिशनल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रेबीज का टीकाकरण किया जाए। इसी क्रम में एडिशनल पीएचसी परौर में शीघ्र रेबीज के टीकाकरण का कार्य शुरू हो गया। जिससे क्षेत्र वासियों को पैसा और समय बर्बाद न करके एडिशनल पीएचसी परौर में ही रेबीज का टीका लग जाएगा। इस सुविधा से क्षेत्र के धर्मेंद्र प्रताप सिंह फौजी, राजीव सिंह चौहान, सुखपाल सिंह गुर्जर, साजिद अली खान, नन्हे खान, मोनू खान, अजीत कुमार सिंह आदि ने खुशी जाहिर की है।

## गंगसरा स्थित चंदी कान्वेंट स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया

शाहजहांपुर। चंदी कांवेंट के बच्चों द्वारा अनेक अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का आरंभ प्रबंधन समिति के द्वारा किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री परमजीत सिंह जी, मैनेजर श्री अवतार सिंह जी, डायरेक्टर श्री बलदेव सिंह जी, प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीती चौधरी जी, उप दृप्रधानाचार्य श्री बलजिंदर सिंह जी उपस्थित रहे। छात्र–छात्राओं ने नाटक के माध्यम से वृक्षों को ना काटने और गंगा को प्रदूषित न करने का संकल्प दिलाया। बच्चों ने अपने भाषण में पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए पेड़ लगाने तथा आसपास की सफाई रखने का संदेश दिया। विद्यालय के मैनेजर श्री अवतार सिंह जी ने बच्चों को अपने चारों तरफ सफाई रखना व पौधारोपण करने तथा उसका संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीती चौधरी जी ने विद्यार्थियों द्वारा पेश किए कार्यक्रमों की प्रशंसा की तथा बच्चों को ष्धरती बचाओ जीवन बचाओष् का संदेश दिया। बच्चों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण से वातावरण को साफ प्रदूषण सहित बनाने का प्रण लिया गया।पौधारोपण के साथ चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।विद्यालय के उपदृ प्रधानाचार्य श्री बलजिंदर सिंह जी ने सबका आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को पर्यावरण जागरूकता के बारे में बताया। समस्त शिक्षकगण का योगदान सराहनीय रहा।

## हथियार बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

हाथरस। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम ने जयपुर–बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग से लहरा की तरफ जाने वाले रास्ते के पास बंद पड़े मुर्गी फार्म में दबिश दी और अवैध हथियार बनाने वाली फैक्टरी का खुलासा किया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाली हाथरस गेट पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) टीम ने 22 अप्रैल को एक अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बने–अधबने शस्त्र और इन्हें बनाने का सामान बरामद किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम ने जयपुर–बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग से लहरा की तरफ जाने वाले रास्ते के पास बंद पड़े मुर्गी फार्म में दबिश दी। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम श्याम सुंदर पुत्र किशनलाल निवासी गांव बघैना थाना सादाबाद बताया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक देसी रायफल, एक पौनियां, एक तमंचा, एक तमंचा 12 बोर, दो कारतूस के अलावा हथियार बनाने का सामान बरामद किया है। आरोपी श्याम सुंदर ने बताया कि वह जगह बदल–बदल कर अवैध तमंचे बनाकर व पुराने तमंचों की मरम्मत कर क्षेत्र में इनकी बिक्री करता है। जो रुपया प्राप्त होता है, उससे जीवन यापन करता है।

## टेंपो का पहिया निकला, दो महिला सहित तीन घायल

हाथरस। हाथरस–सिकंदराराऊ मार्ग के कस्बा मैंडू के रेलवे क्रासिंग के निकट सोमवार की सुबह सवारियों से भरे टेंपो का पहिया निकलकर बाहर आ गया। इससे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए शहर के बागला संयुक्त जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। सोमवार की सुबह हाथरस जंक्शन से सवारियों को लेकर हाथरस आ रहा एक टेंपो का मैंडू रेलवे स्टेशन के निकट स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर पहिया निकलने से पलट गया। इससे अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। इससे टेंपो में सवार सवारियों में चीख–पुकार मच गई। जिसमें दिल्ली निवासी विपिन कुमार और उसके भाई की पत्नी रिंकी के अलावा एक अन्य महिला घायल हो गई। आनन–फानन में तीनों को उपचार के लिए शहर के बागला संयुक्त जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। बता दें कि दिल्ली निवासी विपिन कुमार पुत्र सत्यवीर अपने छोटे भाई बालकृष्ण की पत्नी रिंकी को लेकर सहपऊ के गांव चौबारा में अपनी भांजी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे। टेंपो से उन्हें पहले हाथरस आना था। उसके बाद हाथरस से सहपऊ जाना था।

# आईएएस, डाक्टर इंनजिनियर, टीचर बना चाहती है कालेज टापर छात्राएं







शाहजहांपुर । लाला बुलाकी दास बाबू राम सहाय हिन्दू महिला इन्टर कालेज तिलहर में कालेज की प्रधानाचार्या अनीता पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में हाई स्कूल एंव इन्टरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को कालेज की प्रधानाचार्या अनीता पाण्डेय एंव क्लास टीचर्स ने तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर बधाई दी और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्राओं से कड़ी मेहनत लगन परिश्रम से आगे बढने व अपने सपनों को साकार करने का आवाहन किया! इस मौके पर उपस्थित साध्य दैनिक क्रांति रत् के उप संपादक एंव अधिवक्ता संजय मिश्र से बार्ता में इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग में कालेज में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कालेज व परिवार का गौरव बढाने वाली छात्रा साबिया ने बताया कि वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में कार्य कर देश सेवा करना चाहती है, हाई स्कूल की परीक्षा में कालेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा दिव्यांशी राठौर व इन्टर की छात्रा अंजलि सक्सेना ने बताया कि वह विज्ञान में उच्च शिक्षा प्राप्त कर डाक्टर बना चाहती है! इन्टर वाणिज्यिक वर्ग में कालेज में उच्च अंक प्राप्त छात्रा चित्रा त्रिवेदी ने बताया कि वह वाणिज्य वर्ग में उच्च शिक्षा प्राप्त कर वैकिंग के क्षेत्र कार्य करना चाहती है! कला वर्ग की छात्रा कोमल व निकिता ने बताया कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज में फैले अज्ञान को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिए शिक्षिका बना चाहती हूं! विज्ञान वर्ग की छात्रा सल्वा आरिफ ने कहां कि वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर इंजीनियर वना चाहती है,!

# बंद मकान में हो रही थी सट्टे की खाई बाड़ी, पुलिस ने सात लोगों को किया गिरफ्तार

शाहजहांपुर। लगभग एक वर्ष पहले पुलिस ने जिले में जिस सट्टे के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए उसे खत्म कर दिया था, वहीं कारोबार एक बार फिर पनपने लगा है। सट्टे के इसी कारोबार की सूचना पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने तारीन गाड़ीपुरा में एक बंद मकान के अंदर सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के कब्जे से पुलिस ने 7,190 रुपये की नगदी, सट्टा चार्ट और 45 सट्टे की पर्ची आदि सामान बरामद किया है। थाना रामचंद्र मिशन पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा में राकेश राठौर उर्फ बांगडू के घर सट्टे की खाई बाड़ी हो रही है, इस सूचना पर बंद घर की तलाशी लेने के संबंध में उच्चाधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर पुलिस ने राकेश राठौर के घर पर दबिश दी, तो यहां से राकेश राठौर उर्फ बांगडू, गाड़ीपुरा निवासी उस्मान, राजेंद्र, मोबीन, ख्वाजा फिरोज निवासी हसमत नवी उर्फ लाला, आमिर, वसीम को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए पकड़ लिया। इन लोगों के पास से सट्टा चार्ट, चार सट्टा कापी, 45 सट्टा पर्ची, तीन दफ्ती, चार केलकुलेटर, स्टेपलर, पैन, पटरी छोटी बडी, छह मोबाइल फोन, 7,190 रुपये, एक बैग बरामद किया है।

# बसें गईं चुनाव में, बस की कमी से परेशान हो रहे यात्री

हाथरस। लोकसभा चुनाव में 13 बसों के रवाना होने से एक तो वैसे ही हाथरस डिपो में बसों की कमी है। जो बसें डिपो में हैं, वह भी चालकों की कमी से मार्ग पर नहीं निकल पा रही हैं। चालकों की कमी के कारण 22 अप्रैल को रोडवेज की दो बसें मार्ग पर नहीं जा सकीं। लोकसभा चुनाव के लिए हाथरस डिपो से कुल 13 बसें रवाना हो चुकी हैं। वहीं चालकों की कमी के कारण 22 अप्रैल को दो बसें कार्यशाला में ही खड़ी रहीं। मार्ग पर बसों की कमी से यात्रियों ने परेशानी झेली। लोकसभा चुनाव में 13 बसों के रवाना होने से एक तो वैसे ही हाथरस डिपो में बसों की कमी है। जो बसें डिपो में हैं, वह भी चालकों की कमी से मार्ग पर नहीं निकल पा रही हैं। चालकों की कमी के कारण 22 अप्रैल को रोडवेज की दो बसें मार्ग पर नहीं जा सकीं। कई बसें मरम्मत के लिए कार्यशाला में खड़ी रहीं। इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा। सड़कों पर यात्रियों को आधा घंटा से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद बसें मिल पा रही हैं।

जो बसें आ रही हैं, वह भी पहले से ही खचाखच भरकर आ रही हैं। ऐसे में यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है। डिपो को 20 चालकों की आवश्यकता हाथरस डिपो के पास स्थायी व संविदा मिलाकर लगभग 100 चालक हैं, जबकि डिपो को सभी बसों के पूरी क्षमता के साथ संचालन के लिए कम से कम 120 चालकों की आवश्यकता है। ऐसे में हाथरस डिपो की ओर से लगातार बस चालकों की भर्ती किए जाने के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं, लेकिन रोडवेज को आवेदन नहीं मिल पा रहे। डिपो को इस समय चालकों की बड़ी आवश्यकता है। लगातार कोशिश की जा रही है कि चालकों की कमी को दूर किया जाए। हम जल्द ही कुछ चालकों की भर्ती कर लेंगे।–मोहम्मद आरिफ सिद्धकी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, हाथरस डिपो।

## 15 से 20 मिनट ही मिल रहा पानी, लोगों को हो रही परेशानी

हाथरस। हाथरस के कमला बाजार, गुड़हाई बाजार, रामलीला मैदान, सासनी गेट आदि मोहल्लों में पिछले तीन दिन से सुबह मात्र 15 से 20 मिनट ही पानी आ रहा है, जिससे घरेलू जरूरतें पूरी कर पाना स्थानीय लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। इन इलाकों में रहने वाले करीब 600 परिवार इस समस्या से प्रभावित हैं। नगर पालिका की पेयजल आपूर्ति पिछले तीन दिनों से लोगों को परेशान कर रही है। हाथरस के कई मोहल्लों में महज 20 से 25 मिनट के लिए ही पानी की आपूर्ति हो रही है। इतने कम समय में लोग जरूरत के लायक भी पानी जमा नहीं कर पाते। लोगों को दूसरे साधनों से पानी की जरूरत पूरी करने को मजबूर होना पड़ रहा है। हाथरस के कमला बाजार, गुड़हाई बाजार, रामलीला मैदान, सासनी गेट आदि मोहल्लों में पिछले तीन दिन से सुबह मात्र 15 से 20 मिनट ही पानी आ रहा है, जिससे घरेलू जरूरतें पूरी कर पाना स्थानीय लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। इन इलाकों में रहने वाले करीब 600 परिवार इस समस्या से प्रभावित हैं। इनमें से 200 परिवार तो पूरी तरह पेयजल के लिए नगर पालिका की आपूर्ति पर ही निर्भर हैं। सामान्य तौर पर सुबह चार बजे से सात बजे तक पानी की आपूर्ति रहती है। ऐसे में प्रभावित मोहल्लों के लोगों को इधर–उधर से पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिन से पानी की आपूर्ति पूरे समय नहीं हो रही। सुबह जल्दी उठकर पानी भरने की तैयारी करते हैं, लेकिन कुछ ही समय में आपूर्ति बंद हो जाती है। पानी न मिलने के कारण पूरा दिन खराब हो जाता है। पहले से मालूम हो कि पानी नहीं आएगा तो पहले ही तैयारी कर लें। –राधादेवी शर्मा निवासी बागला मार्ग सामान्य तौर पर पानी सही आता है, लेकिन कुछ दिन से दिक्कत हो रही है। सुबह पहले पानी का इंतजार करो और न आए तो फिर दूसरे तरीके से पानी भरना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। इस समस्या का नगर पालिका प्रशासन को समाधान कराना चाहिए। –राधा रानी निवासी गली सादाबादियान, हाथरस।